हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय

संख्या: वि0स0-विधायन-प्रश्न/1-24/2013-I

प्रेषक:

सचिव,
हि0 प्र0 विधान सभा ।

प्रेषित:

1. मुख्य सचिव,
   हिमाचल प्रदेश सरकार,
   शिमला- 171002.
2. समस्त प्रशासनिक सचिव,
   हिमाचल प्रदेश सरकार,
   शिमला-171002.
3. समस्त विभागाध्यक्ष,
   हिमाचल प्रदेश सरकार,
   शिमला ।
4. समस्त विशेष निजी सचिव/वरिष्ठ निजी सचिव, माननीय मंत्रीगण,
   हिमाचल प्रदेश सरकार,
   शिमला-171002.

शिमला -171004 . दिनांक: 06.02.2016

महोदय,

मुझे आपको यह कहने का निदेश हुआ है कि पूर्व की भान्ति इस सत्र के दौरान भी इस सचिवालय का यह भरसक प्रयास रहेगा कि बारहवीं विधान सभा के ग्यारहवें सत्र हेतु जो सूचनाएं माननीय सदस्यों से प्राप्त हों उन्हें सम्बन्धित विभाग को ही भेजा जाये, लेकिन फिर भी यदि कोई सूचना किसी अन्य विभाग को भेज दी जाये तो यह उस विभाग का दायित्व होगा कि वह उस सूचना को सम्बन्धित विभाग को अपने स्तर पर ही ऑन लाईन (online) हस्तांतरित कर दें, जैसा कि हिमाचल प्रदेश सरकार के ऑफिस मैनुअल के पैरा-4.3 में प्रावधित है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में यह भी स्पष्ट किया जाता है कि जिस दिन की प्रश्न सूची में प्रश्न उत्तर हेतु निर्धारित हों, उससे एक दिन पूर्व उनके उत्तर निर्धारित प्रपत्र (संलग्न) पर निश्चित रूप से ऑन लाईन ई-विधान सिस्टम पर इस सचिवालय को उपलब्ध करवाने होंगे। इस सन्दर्भ में आपका ध्यान अध्यक्ष द्वारा जारी निदेश संख्या: 20 की ओर आकृष्ट किया जाता है । इसके अतिरिक्त आपसे यह भी अनुरोध किया जाता है कि कुछ माननीय सदस्यों की ई-विधान सिस्टम को पूर्णता: समझने व चलाने में आ रही कठिनाई के दृष्टिगत तथा प्रैस की मांग के दृष्टिगत यह उपयुक्त रहेगा कि प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की 15 प्रतियां उपलब्ध करवाने की कृपा करें ताकि सदन में प्रश्नकाल के कार्य में किसी तरह का अवरोध उत्पन्न न हो।

भवदीय,

(सुन्दर सिह वर्मा) 6/02/2016
सचिव,
हि0 प्र0 विधान सभा ।

संलग्न: उपरोक्त

प्रपत्र

विभाग का नाम: ______________________________

प्रश्न संख्या तारांकित/अतारांकित: ______________________________

उत्तर की तिथि: ______________________________

विषय: ______________________________

प्रश्नकर्त्ता का नाम: ______________________________

सम्बन्धित मन्त्री: ______________________________

प्रश्नः उत्तर